# संवाद

अंक 11 : जुलाई से सितम्बर 2025
त्रमासिक पत्र

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार


## हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

संस्थान परिसर में हिन्दी पखवाड़ा दिनांक 04 से 19 सितम्बर 2025 के मध्य बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ 8 सितम्बर को किया गया संस्थान के राजभाषा विभाग के इस आयोजन में हिन्दी भाषा के ज्ञान के संवर्धन व व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसे 'प्रशस्ति पत्र अभिकल्पन, निबंध लेखन, स्वरचित कविता पाठ, गजल एवं भजन, जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में संस्थान लगभग 150 संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की। जिनमें से 41 प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान किये गये। हिंदी पखवाड़े के समापन में प्रभारी निदेशक प्रो. रमा पाण्डे एवं संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) प्रो. निखिल रंजन मण्डल उपस्थित थे । समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संदीप द्विवेदी, प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार तथा मुख्या वक्ता के रूप में डॉ. अवधेश कुमार त्रिपाठी, प्राध्यापक एवं साहित्यकार, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल, आमंत्रित किये गए थे| विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान किये।















## स्वतंत्रता दिवस समारोह

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। एसपीए भोपाल के निदेशक प्रो. कैलासा राव एम. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों की सभा को संबोधित किया। अपने प्रेरक भाषण में, उन्होंने एसपीए भोपाल परिवार के सभी सदस्यों से संस्थान को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों को बनाए रखने का आह्वान किया।







## ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना पर राष्ट्रीय कार्यशाला

एसपीए, भोपाल में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना पर 17-18 जुलाई 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई| उक्त कार्यशाला में देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों, विशेषज्ञों एवं सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया | उक्त कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित की गई।



## रक्तदान शिविर





संस्थान परिसर में 18.9.2025 को प्रिशा क्लब, द्वारा भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी ) के साथ मिलकर रक्त दान शिविर आयोजित किया गया संस्थान के अधिकारीयों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं ने बिना स्वार्थ के रक्त दान किया। हर रक्त दान उम्मीद की एक किरण है, जो थैलेसीमिया के मरीज़ों, गैस पीड़ितों, कैंसर के मरीज़ों और ज़रूरी बोन मैरो ट्रीटमेंट से गुज़र रहे लोगों के लिए एक जीवन रेखा देता है।


## मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज़ पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम








संस्थान परिसर दिनांक 22-26 सितंबर, 2025 के मध्य भवन अभियांत्रिकी प्रबंधन विभाग द्वारा मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज़ पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया| उक्त प्रशिक्षण का विषय "*एडवांसमेंट्स इन द आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, एंड कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री एंड रेट्रोफिटिंग ऑफ बिल्डिंग्स*" था| इस कार्यक्रम में देश भर से 25 एमईएस अधिकारी शामिल हुए।




## गरबा महोत्सव

संस्थान के छात्रों द्वारा नवरात्रि महोत्सव पर गरबा नृत्य का आयोजन किया गया |

# पीएमएवाय ग्रामीण समर इंटर्नशिप की प्रदर्शनी और समापन कार्यक्रम

14 अगस्त 2025 को एसपीए, भोपाल कैंपस में इंटर्न द्वारा किए गए समर इंटर्नशिप के काम को दिखाने वाले पोस्टरों की एक प्रदर्शनी और समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैंपस में 299 इंटर्न शामिल हुए और 119 इंटर्न ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम का उद्घाटन मिशन डायरेक्टर, पीएमएवाय ग्रामीण, मध्य प्रदेश सरकार, श्री दिनेश जैन आईएएस, और निदेशक, एसपीए भोपाल, प्रो. डॉ. कैलासा राव ने किया। पीएमएवाय-जी मिशन निदेशालय की टीम और एसपीए भोपाल की प्राध्यापकों ने मिलकर इंटर्न द्वारा बनाए गए पोस्टरों की प्रदर्शनी देखी और दस्तावेज़ में किए गए विस्तृत और सावधानीपूर्वक काम की सराहना की। प्रदर्शनी का अवलोकन संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया| प्रोजेक्ट की को- पीआई और शहरी और क्षेत्रीय योजना विभाग की प्रमुख डॉ. शिउली मित्रा ने उद्घाटन प्रस्तुति में समर इंटर्नशिप का एक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें 6000 से अधिक घंटों की टाइपोलॉजी का दस्तावेज़ीकरण किया गया है। मुख्य अतिथि, श्री दिनेश जैन (आईएएस) ने पीएमएवाय-जी मिशन को आगे बढ़ाने में स्वदेशी आवासों के व्यापक दस्तावेज़ीकरण की इस तरह की पहल पर प्रकाश डाला। मुख्य व्याख्यान प्रो. डॉ. कैलाश राव, निदेशक, एसपीए भोपाल ने दिया, जहाँ उन्होंने ग्रामीण जीवन शैली, संस्कृति, कारीगरी और निर्माण तकनीक से सीखने के महत्व पर ज़ोर दिया।



## स्वच्छता पखवाड़ा

एसपीए भोपाल में दिनांक 15 – 30 सितम्बर के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया| शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार 'प्रमुख उद्देश्य के तहत, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल ने परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इसका द्रष्टिकोण सभी विभागों में स्वच्छता गतिविधियों को मुख्यधारा में लाना था | तथा आस-पास के गांवों में भी इसे लागू करना था। पखवाड़े के दौरान स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों में नवीन तरीकों को अपनाया गया और उन्हें मुख्यधारा में लाया गया, संस्थान द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में लोगों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया गया |

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत समीप के ग्राम बरखेड़ा सालम के विद्यालय में जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**दीवार पेंटिंग**




- स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में जागरूकता और महत्व पैदा करने के लिए एसपीए, भोपाल के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक खेला गया।



